# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 20.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल हमीरपुर में डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर के कामकाज की समीक्षा की तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जोल सप्पड़ में 400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से चिकित्सा महाविद्यालय के बनाए जा रहे नए परिसर में विश्व स्तरीय तकनीक से लैस मशीनें लगाई जा रही हैं और मरीजों के लिए यहां 292 बिस्तर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए डॉक्टरों के वॉक इन इंटरव्यू और पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि 150 स्टाफ नर्से तैनात करने को राज्य मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दे दी गई है और आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त नर्से तैनात की जाएंगी।

-----

प्रदेश सरकार ने 75 वर्ष व उससे अधिक आयु के पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को कुल पेंशन शेष बकाया राशि के भुगतान के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।एरियर का भुगतान अक्तूबर की पेंशन के साथ 28 अक्तूबर को किया जाएगा। इन पेंशनरों की संख्या लगभग 30 हजार है। सरकार ने राज्य सरकार के नियमित चतुर्थ श्रेणी यानि ग्रुप–डी कर्मचारियों को 1 जनवरी 2016 से संशोधित वेतनमान का एरियर जारी के भी आदेश दिए हैं। सरकार की ओर से जारी आदेशों के अनुसार कुल बकाया राशि का 20,000 रुपये नकद भुगतान अक्तूबर में हर कर्मचारी को किया जाएगा। वहीं 17 सितंबर 2022 के पत्र में उल्लेखित बकाया राशि की अनुमति के संबंध में अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

-----

देश–विदेश में देव समागम व अपनी अनूठी संस्कृति के लिए विख्यात अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव कल लंका दहन की रस्म के साथ संपन्न हो गया। भगवान रघुनाथ जी को दोपहर बाद उनके अस्थाई शिविर से रथ में बैठाकर लंका दहन के लिए ले–जाया गया। अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा के समापन समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने की। उन्होंने देवी–देवताओं के नजराने में 5 प्रतिशत और बजंतरियों के मानदेय व दूरी भत्ते में 20–20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करने की घोषणा की। उन्होंने कुल्लू जिला के पिरड़ी में ब्यास नदी के लैफ्ट और राईट बैंक को जोड़ने के लिए लगभग 26 करोड़ रूपए की लागत से पुल बनाने की भी घोषणा की। अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या पहाड़ी कलाकारों के नाम रही। इस संध्या में बतौर स्टार कलाकार लोक गायक इंद्रजीत के 'साजा लागा माघेर' लोकगीत पर सभी दर्शक झूमते नजर आए। सांस्कृतिक संध्या में रूस से आये हुए सांस्कृतिक दल ने रंगारंग कार्यक्रम पेशकर अपने देश की संस्कृति का प्रदर्शन किया।

-----

आज करवाचौथ है। आज के दिन सुहागिनें अपने पति की खुशहाली और दीर्घायु के लिए उपवास रखती हैं। करवाचौथ कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। करवाचौथ को लेकर प्रदेश के बाजारों में लोगों की काफी भीड़ उमड़ी हुई है और महिलाएं हार श्रृंगार व अन्य वस्तुओं की जमकर खरीददारी कर रही हैं। सुहागिनें दिनभर निर्जला व्रत रखकर रात को चंद्रमा पूजन के बाद ही व्रत खोलती हैं। शिमला में चंद्रोदय शाम 7 बजे 47 मिनट पर होगा। ऐतिहासिक रिज मैदान पर करवाचौथ पर हर वर्ष की तरह हजारों महिलाएं चांद का दीदार कर व्रत खोलेंगी। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए पुलिस जवानों की तैनाती रहेगी।

-----

### एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर

आज समाचार पत्रों ने कुल्लू दशहरे में मुख्यमंत्री की घोषणा से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है– देवी–देवताओं का नजराना पांच, बजंतरियों का मानदेय 20 प्रतिशत बढ़ा। हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–देवी–देवताओं के नजराने में पांच, दूरी भते में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी। दैनिक भास्कर के शब्द हैं– सी.एम. ने कुल्लू दशहरा में आए देवी–देवताओं को दिया एक करोड़ 36 लाख नजराना, बंजतरियों का भत्ता 20 प्रतिशत बढ़ाया। आपका फैसला लिखता है–सुक्खू ने की मनाली के हरिपुर दशहरा उत्सव के लिए 3 लाख रूपए देने की घोषणा। दिव्य हिमाचल के अनुसार–कुल्लू दशहरे के समापन पर मुख्यमंत्री ने किया 5 प्रतिशत बढ़ोतरी का ऐलान।

दिवाली का तोहफा– 75 साल से अधिक उम्र के पेंशनरों को शेष बचा सारा साढ़े 22 फीसदी एरियर जारी करने के आदेश शीर्षक से अमर उजाला लिखता है–चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को भी नए वेतनमान का एरियर मिलेगा, खाते में आएंगे 20–20 हजार। दैनिक भास्कर का शीर्षक है–पेंशनरों को 4 प्रतिशत डी.ए. और बकाया एरियर 28 अक्तूबर को होगा जारी। दैनिक जागरण की सुर्खी है– पेंशनरों को 28 अक्तूबर को पेंशन के साथ मिलेगी डी.ए की किस्त।

फील्ड पोस्टिंग से पहले अफसरशाही को सीखनी होगी बाबूगिरी–एस.डी.एम. पद की पोस्टिंग का इंतजार कर रहे 6 एच.ए.एस. अफसरों को सहायक सचिव लगाया हिमाचल दस्तक की एक खबर है।

दैनिक सवेरा टाईम्स मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–हिमाचल के बारे में दुष्प्रचार कर रही है भाजपा–हिमाचल का कोई भी क्षेत्र विकास कार्यों से अछुता नहीं रहेगा।

मौसम पर आपका फैसला के शब्द हैं–हिमाचल के मध्य व उच्च पर्वतीय स्थानों में 22 को बारिश के आसार। हिमाचल दस्तक लिखता है–लाहौल के ताबों में न्यूनतम तापमान माइनस 9 डिग्री–प्रदेश में 3 दिन बाद एक्टिव हो रहा वेर्स्टन डिस्टरबेंस।